वार्षिक प्रतिवेदन

और

लेखापरीक्षित लेखा विवरण

2021-22

भौतिकी संस्थान
भुवनेश्वर

वार्षिक प्रतिवेदन

और

लेखापरीक्षित लेखा विवरण

2021-22

भौतिकी संस्थान

भुवनेश्वर

भौतिकी संस्थान

सचिवालय मार्ग

डाकघर : सैनिक स्कूल

भुवनेश्वर - 751 005

ओड़िशा, भारत

दूरभाष : + 91-674-2306 400 / 444 / 555

फैक्स : + 91-674-2300142

यूआरएल : http://www.iopb.res.in

संपादक मंडल

प्रो. सत्यप्रकाश साहु

प्रो. अरिजित साहा

प्रो. अरुण कुमार नायक

डॉ. बासुदेव मोहांति

प्रो. प्रदीप कुमार साहु, स्थानापन्न रजिस्ट्रार

द्वारा प्रकाशित

सुश्री लिपिका साहु

द्वारा संकलित

श्री भगवान बेहेरा

द्वारा हिन्दी अनुवाद

विषय-सूची

संस्थान के बारे में ..... (iv)

शासी परिषद ..... (v)

निदेशक की कलम से ..... (vi)

भाग I : वार्षिक प्रतिवेदन 1-82

1. शैक्षणिक कार्यक्रम 01-06

2.. अनुसंधान 07-36

3.. प्रकाशन 37-50

4. अन्य गतिविधियाँ 51-68

5. सुविधाएँ 69-74

6. कार्मिक 75-82

भाग II : लेखा परीक्षित लेखा विवरण 83-106

क. लेखा परीक्षक का निष्पक्ष प्रतिवेदन 87

ख. वित्तीय विवरण 90

ग. अनुवर्त्ती कार्रवाई रिपोर्ट 105

संस्थान के बारे में

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) भारत सरकार का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है । इस संस्थान की स्थापना सन् 1972 में ओडिशा सरकार द्वारा की गयी थी और यह संस्थान पऊवि और ओडिशा सरकार से निरन्तर वित्तीय सहायता प्राप्त करती है।

इस संस्थान में, सैद्धांतिक और प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, और स्ट्रिंग सिद्धांत, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, परा-आपेक्षिकीय भारी आयन संघट्टन और खगोल कण, क्वांटम सूचना, और प्रायोगिक उच्च ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी के क्षेत्रों में आकर्षक अनुसंधान कार्यक्रम है। त्वरक सुविधाओं में से 3 एम वी पैलेट्रॉन त्वरक और एक निम्न ऊर्जा रोपण उपकरण हैं । इन उपकरणों का प्रयोग निम्न ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी, आयन किरणपुंज अंतक्रियायें, पृष्ठीय परिवर्तन एवं विश्लेषण, लेश तात्विक विश्लेषण, वस्तुओं का चरित्र चित्रण एरां रेड़ियोकार्बन काल प्रभावन आदि के अध्ययन होता है । साधारणत: नैनोविज्ञान एवं नैनोप्रौद्योगिकी क्षेत्र और विशेषकर पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय में अध्ययन करने में हमारे संस्थान का स्थान महत्वपूर्ण है । इस संस्थान में नमूनें तैयार करने और नैनोसंरचनाओं के विभिन्न भौतिकी तथा रासायनिकी गुणधर्मो के अध्ययन के लिए संघनित पदार्थ प्रणालियों के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध है। यह संस्थान सर्न (स्विटजरलैंड), बीएनएल (यूएसए), एएनएल (यूएसए), जीएसआई (जर्मनी) स्थित और विदेशों में स्थित अन्य प्रयोगशालाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में सक्रिय रूप से शामिल है । यह संस्थान भारत-आधारित न्यूट्रॉनो प्रयोगशाला कार्यक्रम में भी भाग लेता है ।

यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच. ड़ी. कार्यक्रम चलाता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को संस्थान में एक वर्षीय पाठ्यक्रम कार्य को पूरा करने की आवश्यकता होती है। डॉक्टरॉल कार्यक्रम में प्रवेश का चयन संयुक्त स्क्रीनिंग परीक्षा (JEST) के माध्यम से होता है । सीएसआईआर-यूजीसी,एनईटी अथवा जीएटीइ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वालों को भी डॉक्टरॉल कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

संस्थान परिसर में ही कर्मचारियों के लिए आवास और अध्येताओं और पोस्ट डॉक्टोराल फेलों के लिए होस्टल की सुविधा उपलब्ध हैं । पोस्ट डॉक्टोराल फेलों के लिए एक मनोहर दक्षता आपार्टमेंट और परिदर्शक वैज्ञानिकों के लिए अतिथि भवन उपलब्ध हैं। परिसर में दोनों इंडोर और आउटडोर खेलकूद सुविधायें उपलब्ध हैं। संस्थान की न्यू होस्टल में एक छोटी से व्यायामशाला भी उपलब्ध है। संस्थान परिसर में सभागार और चिकित्सालय उपलब्ध हैं। यह संस्थान अपना स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 8 सितम्बर को मनाता है।

वर्ष 2021-22 के लिए शासी परिषद के अध्यक्ष और सदस्यगण

1.	**डॉ. के. एन. व्यास,** अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग और सचिव, भारत सरकार, परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ.शि. म. मार्ग, मुंबई	:	अध्यक्ष
2.	**प्रो. एस. एम. यूसुफ,** निदेशक, भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर - 751 005 (23.01.2020 से 15.06.2021 तक)	:	सदस्य
3.	**प्रो. के. के. नंद**, निदेशक, भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर - 751005 (16.06.2021 तक)	:	सदस्य
4.	**प्रो. पिनाकी मजूमदार,** निदेशक, हरिश-चंद्र अनुसंधान संस्थान छटनाग रोड़, झुंसी, इलाहाबाद-211019	:	सदस्य
5.	**प्रो. गौतम भट्टाचार्या,** निदेशक साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान सेक्टर-1, ब्लॉक-ए/एफ, विधान नगर, कोलकात्ता - 700 064	:	सदस्य
6.	**प्रो. सुधाकर पंडा,** राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान डाक-भिमपुर-पदनपुर, प्रखंड-जटनी, खोरधा - 752050	:	सदस्य
7.	**डॉ. शशांक चतुर्वेदी,** निदेशक, प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान भट्ट ग्राम, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर - 382428	:	सदस्य
8.	**श्रीमति सुषमा ताइशेटे,** संयुक्त सचिव (अनुसंधान एवं विकास), परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ. शि. म. मार्ग, मुंबई - 400 001	:	सदस्य
9.	**श्रीमति रिचा बागला,** भाप्रसे, संयुक्त सचिव (वित्त) परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन छ. शि. म. मार्ग, मुंबई - 400 001	:	सदस्य
10.	**श्री देवरंजन सिंह,** भाप्रसे, प्रमुख सचिव, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, ओड़िशा सचिवालय भुवनेश्वर-751001. (09.08.2020 से 31.03.2021 तक)	:	सदस्य
11.	**श्री मनोज कुमार मिश्र,** आईआरटीएस, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, ओड़िशा सचिवालय भुवनेश्वर- 751001 (01.04.2021 से)	:	सदस्य
12.	**प्रो. सूर्य नारायण नायक,** भौतिक विज्ञान विभाग, संबलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768019	:	सदस्य
13.	**प्रो. सुकांत कुमार त्रिपाठी,** स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग, ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय, भंज विहार, गंजाम - 760007.	:	सदस्य

शासी परिषद का सचिव

श्री आर.के रथ, रजिस्ट्रार, (31.07.2022 तक), **प्रो. पी.के. साहु**, (01.08.2022 से)
भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर - 751005

निदेशक की कलम से. . . .

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर के "वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखा विवरण" आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हमारे शैक्षणिक और शोध प्रयासों के साथ साथ हमारी उपलब्धियों का सारांश इस वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में पा सकते हैं। भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है। यह संस्थान भारत में अग्रणी अनुसंधान संस्थानों में से एक है और दोनों प्रायोगिक और सैद्धांतिक भौतिक विज्ञान में अत्याधुनिक अनुसंधान कार्य करना इसका मिशन है। अत्यधिक विशेष रूप से, यह संस्थान सैद्धांतिक और प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, संघनित पदार्थ भौतिकी और सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी पर जोर देता है।

इस वर्ष के दौरान, आईओपी के सदस्यों ने उच्च गुणवत्ता वाली अंतरराष्ट्रीय समकक्ष समीक्षित पत्रिकाओं में 101 शोधपत्र प्रकाशित किया है, जो इनके द्वारा किए जा रहे असाधारण स्तर के शोध को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, आईओपी के सदस्यों ने एलिस और सीएमएस के सहयोग के माध्मय से सामूहिक रूप से 118 शोध पत्रों को प्रकाशित किए हैं। 229 शोधपत्रों के अलावा, आईओपी के सदस्यों ने 11 पुस्तकों के अध्याय में भी लिखे हैं जिनमें उच्च गुणवत्ता वाले सम्मेलन की कार्यवाहीयां शामिल हैं।

संस्थान के सदस्यों ने कई सम्मानों से सम्मानित हुए हैं, प्रो. एस.के. अगरवाला, जो एचईपी समूह के सदस्यों में से एक हैं, उन्हें प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरु अकादमिक और वृत्तिक उत्कृष्टता फैलोशिप (एफएनएपीई) प्राप्त हुआ है और भौतिक विज्ञान विभाग, विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय, मैडिसन,यूएसए के मानद फेलो के रूप में नियुक्ति मिली है। वे अब्दुस सलाम इंटरनेशनॉल सेंटर फॉर थियोरेटिकॉल फिजिक्स (आईसीटीपी) के एसोसीएट सदस्य हैं और वर्ष 2020-21 के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के स्वर्ण जयंती समारोह के एक अंश के रूप में " 50 से कम उम्र के 75 वैज्ञानिक " शीर्षक वाली कॉफी टेबुल पुस्तक में चित्रित है। प्रो. शिखा वर्मा को डॉ. के. सी. पटेल अनुसंधान एवं विकास केंद्र (केआरएडीएलइ) में एंडोमेंट चेयर प्रोफेसर के रुप में चुना गया है। प्रो. टी. सोम, आयन बीम सोसाइटी ऑफ इंडिया के कार्यकारी निकाय सदस्य (पूर्वी भारत) के रुप में काम करते आ रहे हैं। प्रो. शमिक बनर्जी को भौतिक विज्ञान में वर्ष 2021 के लिए प्रतिष्ठित डीएसटी स्वर्णजयंती फैलोशिप से सम्मानित किया गया है और डॉ. मणिमाला मित्र आईपीपीपी दिवा पुरस्कार 2022 से पुरस्कृत है। हमारी शोधछात्रा सुश्री रोजालिन पधान को प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरु डॉक्टरेट रिसर्च फैलोशिप मिली है और श्री विनयकृष्णा ने सीएमएस सहयोग, लेबल ३ टाऊ-ट्रिगर के समूह संयोजक बना है।

संस्थान ने विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और आम जनता को विज्ञान और वैज्ञानिक प्रेरणा संप्रेषित करने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया है। हमारे सदस्यों ने ▯ओपन डे ▯ का आयोजन कर उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया है।संस्थान ने 4 सितम्बर 2021 को 47वें स्थापना दिवस भी मनाया जिसमें समग्र भारत के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर शामिल थे (उनका नाम हैं प्रो. तरुण सौरद्वीप, चेयर, भौतिक विज्ञान

विभाग, आइजर, पूणे, प्रो. अमित रॉय, भूतपूर्व-निदेशक, आईयूएसी, प्रोफेसर पिनाकी मजूमदार, निदेशक, एचआरआई और प्रोफेसर गौतम भट्टाचार्या, निदेशक, एसएनआईपी, कोलकात्ता) और उन्होंने भौतिकी के विभिन्न क्षेत्रों पर स्थापना दिवस व्याख्यान प्रदान किया।

संस्थान ने अन्य गतिविधियों के काम में लगा हुआ है जैसे कि दूरबीन के माध्यम से नाइट स्काई वॉच कार्यक्रम, लोकप्रिय विज्ञान वार्ता के साथ साथ सामाजिक मुद्दों पर वार्ता आयोजित किया है। विशेष रुप से, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए " समाज में परमाणु ऊर्जा के अनुप्रयोग" शीर्षक पर एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया था। इसके अलावा, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाया जिसमें कई गतिविधियाँ आयोजित की गयी जैसे कि सामंत चंद्रशेखर पर कलिंग टी वी कार्यक्रम, विज्ञान सर्वत्र पूज्यते, हिंदी कार्याशाला और विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के सहयोग से भौतिक विज्ञान पर खुली चर्चा (पीओडीएस) श्रृंखला आयोजित की गयीं।

अंत में, मैं इस अवसर पर आईओपी समुदाय के सदस्यों, जिसमें शासी परिषद के सदस्यों को उनके निरंतर समर्थन और सलाह के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। इसके अलावा, मैं सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ और इस वार्षिक रिपोर्ट बनाने के लिए समिति के सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करता हूँ ।

प्रोफेसर करूणाकर नंद

निदेशक, आईओपा

परमाणु ऊर्जा विभाग की परिकल्पना में भौतिकी संस्थान (आईओपी) का योगदान

वार्षिक प्रतिवेदन 2021-2022 का संक्षिप्त सारांश

भौतिकी संस्थान (आईओपी) मौलिक और अनुप्रयुक्त भौतिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए एक प्रमुख केंद्र है। भौतिक विज्ञान के निम्नलिखित विस्तृत क्षेत्रों में अनुसंधान किया जाता है, जिनका नाम हैं, सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी और क्वांटम सूचना आदि।

संस्थान का उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह कई क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है-औपचारिक क्षेत्र सिद्धांत, स्ट्रिंग सिद्धांत, भारी आयन संघट्टन, क्यूसीड़ी, विकिरण सुधार, न्यूट्रिनो भौतिकी,बिअंड दॉ स्टांडार्ड मॉडल सिनारिओ एरां उनकी परिघटना, और क्वांटम सूचना। विशेष रुप से, इन सदस्यों ने ध्वनिक ब्लॉक छिद्रों से विकिरण हॉकिंग,प्रकीर्णन आयाम एवं सर्पान्मुख रुप से सपाट चार विमीय स्पेस टाइप में सर्पोन्मुख समरुपता पर काम किया है। इसके अलावा, इस समूह के सदस्यों ने विकिरण न्यूट्रिनो द्रव्यमान नमूनों की परिघटना, सीसॉ मॉडल के मापदंडों पर चिह्नों एवं सीमाओं, एफआईएमपी डार्क मैटर, स्टेराइल न्यूट्रिनो, और म्युऑन विषम चुंबकीय संवेग पजल संबंधित नमूनें, यूएसए स्थित डीयूएनइ और जापान स्थित टी2एचके जैसे भविष्य के सर्वोच्च शुद्धता वाला लंबी आधाररेखा न्यूट्रिनो दोलन परीक्षण सुविधा में न्यूट्रिनो द्रव्यमान-मिश्रण मापदंडों पर सब-लिडिंग बीएसम प्रभाव की जांच किया है, और आगामी भारत-आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ) में वायुमंडलीय न्यूट्रिनो परीक्षण, हैड्रॉन कोलाइडर में हिग्गस बोसॉन युग्मन का निरुपण किया है, एक-लूप क्यूसीड़ी में सुधार किया है। वर्ष 2021 – 2022 के लिए प्रो. संजीव अगरवाला ने प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरु अकादमिक और वृत्तिक उत्कृष्टता फैलोशिप (एफएनएपीई) प्राप्त किया है और छ : वर्षों (2022 से 2027 तक) के लिए अब्दुस सलाम इंटरनेशनॉल सेंटर फॉर थियोरेटिकॉल फिजिक्स (आईसीटीपी) के एसोसीएट सदस्य बने हैं। प्रो.शमिक बनर्जी को वर्ष 2021-2022 के लिए प्रतिष्ठित डीएसटी स्वर्णजयंती फैलोशिप से सम्मानित किया गया है ।

आईओपी का सैद्धांतिक संघनित पदार्थ समूह मुख्य रूप से जीवाणु गुणसूत्र के संगठन को समझना, सक्रिय पदार्थ के विभिन्न पहलू, सोपान गठन, क्वांटम संघनित पदार्थ प्रणालियों के टोपोलॉजिकल पहलू, ड्रिवेन हायर अर्डर टोपोलॉजिकल प्रणालियां, Dirac/Weyl वस्तुओं में क्वांटम परिवहन, ट्विस्टेड बाईलेयर सिस्टम्स, क्वांटम चुंबकीयता और दृढ़ता से सहसंबंध इलेक्ट्रॉन पर ध्यान देने के साथ इसके अनुसंधान को आग्र बढ़ाने मे सक्रिय रूप से शामिल है। इस समूह के सदस्यों ने एक असाम्य संक्रमण को दिखाने के लिए संपाशित सक्रिय ब्राउनियन कणों के सटीक गतिशील आघूर्णों, सक्रिय साइटोस्केलेटल प्रोटिनों के कारण गोलाकार झिल्लियों पर दौड़ रहे तरंगों और गतिक सोपान गठन के उद्भव, टाइम-रिवर्सल टूटा हुआ टाइट-बाइडिंग मॉडल, हॉल्डेन मॉडल से आरोपित केन-मेले मॉडल का वर्णन, जहां आठ अलग अलग क्वांटम हॉल प्रभाव होते हैं जिसमें शामिल हैं क्वांटम असंग हॉल प्रावस्थायें, जो एक टोपोलोजिकॉल स्पीन सेक्टर के साथ दिखाई देते हैं और दो टोपोलॉजिकल चरण सह-अस्तित्व के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदु, एक सेकेंड

अर्डर टोपोलॉजिकल अतिचालकन प्रावसा होस्टिंग कर रही माजोराना कण प्रणालियों की फ्लोकेट उत्पादन, एक प्राक्सिमिटी प्रेरित दोनों अतिचालकन एस-तरंग और डी.तरंग जोड़ सहित एक क्वांटम स्पीन हॉल इनसुलेटर पर विचार करके, फ्लोक्यूएअ टोपोलोजिकॉल इनसुलेटरों में विसंगत गतिकी प्रथम और उच्चतर-क्रम प्रणालियों का सोपनी का व्यवस्थित उत्पादन, एक टाइप-II डिराक अर्धधातु और एक अस्वच्छ अतिचालक के विषमसंधि पर नॉन-हेर्मिटिएन भौतिकी का उद्भव की जांच की है।

आईओपी का प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं जैसे कि सीइआरएन-एलएचसी स्थित सीएमएस और ऐलआईसी परीक्षण, आरएचआईसी, बीएनएल (यूएसए) स्थित एसटीएआर परीक्षण और एफएआईआर, जीएसआई (जर्मनी) स्थित सीबीएम परीक्षण में कोलाइडर-आधारित परीक्षणों में भाग ले रहा है। आईओपी का सीएमएस समूह ने एलएचसी में सीएमएस परीक्षण द्वारा अभिलिखित आंकड़ें का इस्तेमाल करते हुए केंद्र में द्रव्यमान ऊर्जा 13 TeV पर प्रोटॉन-प्रोटॉन टकराव में हिग्स बोसॉन और टाऊ लेप्टॉन के बीच युकवा युग्मन की सीपी संरचना के परिमापन में योगदान दिया है । इससे अधिक, इसके सदस्यगण एलएचसी रॉन-3 के दौरान आंकडें अभिलेखन के लिए सीएमएस की उच्च-स्तरीय ट्रिगर प्रणाली के विकास में नेतृत्व ले रहे हैं, जो वर्ष 2022में शुरु होगा।

भौतिकी संस्थान का सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी (टीएनपी) समूह ने प्रगत अनुसंधान कार्य के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से लगा है । इस समूह द्वारा प्रावस्था का नाभिकीय समीकरण और गुरुत्वाकर्षण तरंग तनाव का अनुमान लगाने के लिए उनके विलय के साथ साथ न्यूट्रॉन तारों की संरचना का अध्ययन किया जाता है। इस समूह ने न्यूट्रॉन तारों के दोलन के विभिन्न तरीकों, न्यूट्रॉन तारों के शीतलन और सुपरनोवा, डार्क मैटर प्रभाव और हैड्रॉन की विभिन्न मॉडल एवं पदार्थ की क्वार्क अवस्था का अध्ययन किया है। इस समूह ने भी प्रावस्था के विभिन्न समीकरण को बनाया है, जिसका उपयोग विभिन्न खगोल भौतिकी समूह द्वारा किया जाएगा। अन्य समूह के सहयोग से, आईओपी का टीएनपी समूह ने भी नाभिकीय अभिक्रिया गतिकी और परिमित नाभिक की विभिन्न असामान्य संरचनाओं का अध्ययन किया है । इसके सदस्यगण दोनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय और खगोल भौतिकी के विभिन्न विकासात्कम कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

आईओपी का प्रायोगिक संघनित पदार्थ समूह सक्रिय रूप से अत्याधुनिक अनुसंधान में लगा हुआ है जो मस्तिष्क से प्रेरित कंप्यूटिंग, प्रतिरोधक स्विचन, आयन बीम प्रेतिर स्वत :संगठित सोपान गठन और उनके नौनोस्केल क्रियाशीलता, फोटोवाल्टिक, नैनोवायो ग्लुकोज सेंसिंग और वस्तुओं का आयन-बीम से रुपांतरण, अंतक्रिया प्रणाली और मरकूरी तथा आर्सेनिक जैसे विषाक्त वस्तुओं की अंतक्रिया प्रणालियों को समझने के लिए अर्गानिक एवं डीएनए अवस्तरों, परमाणु व्से निर्मित पतली फिल्मों/विषम संरचनाओं में नवीन इलेक्ट्रौनिक और चुंबकीय परिघटनाएं, थर्मोइलेक्ट्रिक, प्रम वस्तुओं की इलेक्ट्रनिक वक्र संरचना और ग्राफिन जैसे पतली परमाणु से निर्मित दो स्तरीय वस्तुओं की भौतिक गुणधर्मों को समझना, संक्रमण धातु डाइक्लेजेनाइड्स आदि के अनुसंधान में सक्रिय रूप से जुड़ा है । इसके अलावा, यह समूह एक निम्न से मध्यम ऊर्जा आयन बीम प्रयोगशाला के विकास पर काम कर रहा है। आईओपी का निम्न ऊर्जा 3एमवी पैलेट्रॉन त्वरक का उपयोग बाहर के विभिन्न शोधकर्ता अपने अनुसंधान के

लिए करते हैं। ज्यामितियत : प्रानुकूलित $MoX_2/WX_2(X=S,Se)$ विषमसंरचनाओं में विद्युत क्षेत्र मॉडुलित आवेश अंतरण पर प्रो.सत्यप्रकाश साहु का समूह द्वारा किये गये कार्य जर्नल ऑफ फिजिकॉल केमेस्ट्री के आवरण पृष्ठ पर प्रकाशित हुआ है।

अन्य गतिविधियों में, आईओपी ने सितम्बर 2021 से "आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) " कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां संचालित किया है, जिसमें शामिल हैं-वृक्षरोपण, गांधी जंयती पर स्वच्छता अभियान, वैज्ञानिक और स्कूली छात्रों के बीच ऑनलाइन पर पारस्परिक चर्चा कार्यक्रम, राजभाषा नीति, प्रायोगिक हिंदी और कंप्यूटेशन एवं अनुवाद पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि । ये कार्यक्रम भारत सरकार की एकेएएम वेबसाइट पर प्रकाशित है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस -2022 समारोह के अंश के रूप में, आईओपी ने अपने निदेशक प्रो. के.के. नंद के पहल से पहली बार ओपन डे का आयोजन किया है। आईओपी को छात्र समुदाय, शिक्षकों, अभिभावकों, तकनीकी उत्क्रमिताओं और आम जनता के बीच अधिक वैज्ञानिक जागरुकता पैदा करना है। कई अन्य गतिविधियां जैसे सेंचुरियन विश्वविद्यालय, जटनी में " ऊर्जा, विकिरण और सामग्रियां " पर एक दिवसीय संगोष्ठी, आईओपी में रात्रिकालिन आकाश दर्शन सत्र, खोरधा के ग्रामीण इलाके में "परमाणु ऊर्जा के सामाजिक अनुप्रयोग" और ब्लॉक-ए का सभागार का उद्घाटन समारोह आदि आयोजित किया है। पऊवि की गतिविधियों और आईओपी के कार्यक्रमों पर आधारित अधिक से अधिक आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन ओड़िशा के विभिन्न भागों में विशेष रूप से ग्रामीण इलाके के विद्यालयों और महाविद्यालयों में करने की योजना है।

शैक्षणिक कार्यक्रम

1.1	प्री-डॉक्टरॉल कार्यक्रम	:	03
1.2	डॉक्टरॉल कार्यक्रम	:	04
1.3	डिफेंनडेड/प्रस्तुत शोधप्रबंध	:	04
1.4	आईओपी द्वारा आयोजित सम्मेलन/कार्यशाला	:	05

1.1 प्री.डॉक्टरॉल कार्यक्रम

भौतिक विज्ञान में अनुसंधान करने के लिए युवा छात्रों को प्रशिक्षण देना और मार्गदर्शन करना संस्थान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। वर्ष 1975 से प्रि-डॉक्टोरल कोर्स (एम. एससी. के बाद) संस्थान का एक नियमित पाठ्यक्रम है जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम है क्योकि एमएस.सी. छात्रों को अनुसंधान गतिविधिाँ चलाने के लिए इसकी परिकल्पना की गयी है । प्रगत भौतिक विज्ञान और अनुसंधान प्रविधि में व्यापक प्रशिक्षण दिलाना इसका लक्ष्य है । पाठ्यक्रम योजना इस दृष्टि बनायी गयी है ताकि यह हर एक छात्र को न केवल डॉक्टरॉल रिसर्च में सहायक होगा बल्कि एक अच्छे भौतिक विज्ञान शिक्षक बनने के लिए सहायक होगा । यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच.डी.कार्यक्रम में शोध कार्य करने कमें रुचि रखने वाले छात्रों के चयन के लिए संयुक्त चयन परीक्षा (JEST) को संचालन कराने में शामिल हुआ है । इस संयुक्त परीक्षा और संस्थान में संचालित साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर एक छात्र का अंतिम चयन होता है। इसी वर्ष प्री-डॉक्टरॉल पाठ्यक्रम जनवरी 2022 शुरु हुआ। प्री-डॉक्टरॉल कार्यक्रम पूरा होने के बाद, छात्रों को संस्थान के किसी भी संकाय सदस्य के तत्वावधान में पीएच. डी. के लिए पात्रता मिलती है जो होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) द्वारा प्रदान की जाती है ।

प्रतिभा को पहचानने के लिए, संस्थान ने सबसे उत्कृष्ट प्री-डॉक्टरॉल छात्रों के लिए ललित कुमार पंडा मेमोरियल एंडोमेंट फेलोशिप *(एल.के. पंडा मेमोरियल फेलोशिप)* स्थापित किया है। इस फेलोशिप में पुरस्कार राशि के रूप में रु.5000/- और एक प्रशस्ति पत्र समाहित हैं। अंतिम वर्ष श्री मनिष पटेल को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

दिसम्बर 2021 में प्री-डॉक्टरॉल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कुल 51 छात्रों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। इसमें शामिल हैं जेइएसटी में उत्तीर्ण, यूजीसी-सीएसआईआर अहर्तकों और वैध जीएटीई स्कोर धारककर्ता शामिल हैं। निम्नलिखित छात्रों ने 2021-2022 के लिए डॉक्टरॉल कोर्स वर्क में दाखिले हुए हैं।

1. श्री अलोक कुमार
2. सुश्री सायरी घटक
3. श्री आशिष कुमार पाणिग्राही
4. श्री राहुल पुरी
5. श्री सायक भौमिक
6. श्री देबब्रत दे
7. श्री नेवीन नोबेल
8. सुश्री शुभलक्ष्मी राउत
9. श्री नवेंदु मंडल
10. श्री सुभ्रांशु शेखर मिश्र
11. श्री आदित्य मेहता

पठाये गये पाठ्यक्रमों और पाठ्यक्रम अनुदेशकों का विवरण इस प्रकार है :

सेमेस्टर– **I**

प्रगत क्वांटम प्रक्रिया	:	डॉ. किर्तीमान घोष
प्रगत सांख्यिकीय प्रक्रिया	:	प्रो.देवाशिष चौधूरी
क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत – I	:	प्रो. शमिक बनर्जी
प्रगत प्रायोगिक तकनीकी	:	प्रो. टी. सोम
प्रायोगिक भौतिकी प्रयोगशाला	:	प्रो. टी. सोम
मेनी बॉडी फिजिक्स	:	प्रो. अरिजित साहा

सेमेस्टर – II

सांख्यिकीय पद्धतियां, गाणितिक पद्धतियां & शोध प्रविधि	:	डॉ. गौतम त्रिपाठी
प्रगत संघनित पदार्थ भौतिकी	:	डॉ. अरिजित साहा
क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत – II	:	प्रो. पंकज अग्रवाल
उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	डॉ. मणिमाला मित्रा
सांख्यिकीय भौतिकी के विशेष विषय	:	प्रो. देवाशिष चौधूरी
संघनित पदार्थ के विशेष विषय	:	प्रो. बी. आर.शेखर और डॉ. देबकांत सामल

कोर्स वर्क के एक भाग के रूप में विद्यार्थियों ने संस्थान के संकाय सदस्यों के निर्देशन के तहत अंतिम सेमेस्टर में परियोजना कार्य भी किया था ।

1.2 डॉक्टरॉल कार्यक्रम

वर्तमान संस्थान में अपने संकाय सदस्यों के निर्देशन में विभिन्न विषयों में 59 शोधार्थी काम कर रहे हैं। सभी शोधार्थी होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई), पऊवि के तहत समकक्ष विश्वविद्यालय में पंजीकृत हैं। प्रत्येक शोधार्थी की प्रगति की समीक्षा प्रतिवर्ष एक समीक्षा समिति द्वारा की जाती है । इस साल जुलाई-अगस्त महीने में समीक्षा की गयी थी।

1.3 शोधप्रबंध (प्रस्तुत/ *डिफेंडेंड)

निम्नलिखित शोधार्थियों को शोध-प्रबंध प्रस्तुत/* डिफेंडेंड के आधार पर होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान द्वारा पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गयीं-

1. श्री सुजय शील

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधप्रबंध का शीर्षक : "कोलाइडरों पर सीसॉ मॉडलों के चिह्न"

2. श्री अमीर शी

परामर्शदाता : प्रो. देवाशीष चौधूरी

शोधप्रबंध का शीर्षक : " सक्रिय प्रणालियों का अध्ययन"

3. श्री सायन जाना

परामर्शदाता : अरिजित साहा

शोधप्रबंध का शीर्षक : "शून्य ऊर्जा विधियॉ और टोपोलोजिकॉल प्रणालियों में प्रबल सहसंबंध प्रभाव "

4. श्री देवज्योति मजुमदार

परामर्शदाता : प्रो. गौतम त्रिपाठी

शोधप्रबंध का शीर्षक : "गलन डीएनए की कठोरता और पिघलना "

5. श्री अतनु मैती

परामर्शदाता : प्रो. सप्तर्षि मंडल

शोधप्रबंध का शीर्षक : " होलानडाइट लैटिस में फिशर लैटिस एवं स्पीन तरंग विश्लेषण में क्लासिकॉल अडर्स, वीबीएस, क्यूएसएल "

6. श्री विजिगिरि विकास *

परामर्शदाता : प्रो. सप्तर्षि मंडल

शोधप्रबंध का शीर्षक : "छद्म-स्पिन फरमालिज्म का उपयोग करते हुए स्क्वारिक एीसड़ क्रिस्टल में प्रोटान गतिकि के कुछ पहलूओं"

7. **श्री सुजय शील***

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधप्रबंध का शीर्षक: "कोलाइडरों पर सीसॉ मॉडलों के चिह्न"

8. **श्री अमीर शी***

परामर्शदाता : प्रो. देवाशिष चौधूरी

शोधप्रबंध का शीर्षक : "सक्रिय प्रणालियों का अध्ययन"

9. **श्री सायन जाना***

परामर्शदाता : प्रो.अरिजित साहा

शोधप्रबंध का शीर्षक: "शून्य ऊर्जा विधियॉ और टोपोलोजिकॉल प्रणालियों में प्रबल सहसंबंध प्रभाव "

1.4 आईओपी द्वारा आयोजित सम्मेलन/कार्यशाला

भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर ने अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (आईयूएसी), नई दिल्ली, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर (आईआईटीबीबीएस), राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाइजर), भुवनेश्वर और आयन बीम सोसाइटी ऑफ इंडिया (आईबीएसआई) के सहयोग से आयन बीम द्वारा नैनोसंरचना पर 6वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICNIB 2021) का आयोजन किया था। यह बैठक ५-८ अक्टूबर २०२१ को ऑनलाइन पर हुई थी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे प्रो. शिखा वर्मा,आईओपी, प्रो. टी. सोम, आईओपी, और डॉ. अंबुज त्रिपाठी, आईयूएसी, नई दिल्ली। नैनोसंरचना और नैनो-सोपानिकरण में आयन बीम की भूमिका एक शोध समुदाय को केंद्र में रखा है जो सतहों और नैनोकणिकाओं के संश्लेषण और परिवर्तन से संबंधित जांच में गहन रूप से शामिल है। इस सम्मेलन श्रृंखला के पीछे मुख्य प्रेरणा थी उनके हाल के परिणामों को प्रस्तुत करने और चर्चा करने के लिए दुनिया भर के सक्रिय शोधकर्ताओं को एकत्रित करना। पिछले सम्मेलनों का आयोजन इलाहाबाद विश्वविद्यालय (2011 में), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (2013 में), आगरा (2015 में), देवी अहल्या विश्वविद्यालय, इंदौरा (2017 में), और इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, कल्पक्कम में हुआ था । इस सम्मेलन ने आयन बीम प्रेरित संश्लेषण, नैनोसंरचना के परिवर्तन और विकिरण क्षति से जुड़े विषयों पर चर्चा करने के लिए वैज्ञानिकों और शोधार्थियों को एक अच्छा मंच प्रदान किया था।

नई भौतिकी में प्रभावी रास्तें पर अंतरराष्ट्रीय बैठक (IMEPNP)

भौतिकी संस्थान (आईओपी, भुवनेश्वर) का उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह ने भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, भारत में हाईब्रिड मोड़ (प्रत्यक्ष और ऑनलाइन पर) में 7-12 फरवरी 2022 के दौरान 'नयी भौतिकी में प्रभावी रास्तें पर अंतरराष्ट्री बैठक (IMEPNP)'का आयोजन किया था। इस कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य था मानक मॉडल भौतिकी के परे जैसे कि कोलाइडरों में नयी भौतिकी (एनपी), हिग्गस और टॉप फिजिक्स, न्यूट्रिनो, फ्लेवर फिजिक्स और एक प्रभावी क्षेत्र सिद्धांत (इएफटी) फ्रेमवर्क के परिप्रेक्ष्य में खगोलकणिका भौतिकी के विभिन्न विषयों के वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करना। विषय की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा कई शैक्षणिक व्याख्यान और पूर्ण वार्ताएं और उसके बाद विषय में नवीनतम कार्य और विकास को प्रस्तुत करने वाली अधिक विशिष्ट और तकनीकी वार्ताएं और इसके साथ समर्पित चर्चा सत्र थीं। इसके आयोजक थे प्रो. पंकज अग्रवाल, मणिमाला मित्र, अरुण कुमार नायक, देबोत्तम दास, कीर्तिमान घोष और संजीव कुमार अगरवाल ओ अजित मोहन श्रीवास्तव।

इस सम्मेलन में विभिन्न विषय चर्चा की गयीं, वे विषय हैं हिग्स एवं टॉप फिजिक्स, न्यूट्रिनो फिजिक्स, डार्क मैटर और अन्य खगोलकणिका परिघटनाविज्ञान, फ्लेवर फिजिक्स, प्रिसिजन परीक्षण और विभिन्न बियंड स्टाडार्ड मॉडल सिद्धांत के साथ इएफटी का टॉप-डाउन एप्रोच आदि ।

इस सम्मेलन में कुल 237 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, ज्यादातर ऑनलाइन मोड पर भाग लिया था । यह सम्मेलन का उद्घाटन 7 फरवरी 2022 को अप 14.00 बजे भारतीय मानक समय में प्रो. के. के. नंद, निदेशक, आईओपी द्वारा हुआ था। इसके बाद शैक्षणिक ब्याख्यान प्रो. क्लिफोर्ड पीटर बर्गीस (मॉकमास्टर विश्वविद्यालय और पेरीमीटर सैद्धांतिक भौतिकी संस्थान, कानाड़ा), समीक्षा वार्ता प्रो. लुका सिलवेस्ट्रिनि (आईएनएफएन, रोम, इटली), डॉ. एलीनी व्रियोनिडो (मंचेस्टर विश्वविद्यालय, यूके) द्वारा प्रदान की गई थी । बाद के दिनों में, प्रो. कालाड़ी बाबु (ओकलाहोमा राज्य विश्वविद्यालय, यूएसए), प्रो. मार्टिन हिर्श (आईएफआईसी, वालेंसिया, स्पेन) की समीक्षा वार्ताएं, प्रो. माइकेल रोबर्ट ट्रॉट (नील्स बोहर संस्थान, डेनमार्क), प्रो. टीम एम.पी. टैट (यूसी इरविन, यूएसए) प्रो.आदम फाल्कोव्स्की (ओआरएसएवाई एलपीटी, फ्रांस) की व्याख्यान, डॉ. शुभादित्य भट्टाचार्या (आईआईटी गोवाहटी, भारत), डॉ. जयद्वीप चक्रार्ती (आईआईटी कानपुर, भारत), डॉ. सुदीप जाना (हाइडेलबर्ग, माक्स प्लांक संस्थान) और डॉ. अम्ब्रेश शिवाजी (आइजर, मोहाली, भारत) की वार्ताएं थीं। समापन वार्ता दिनांक 12 फरवरी अप. 4.00 बजे प्रख्यात भौतिकविद् प्रो. जॉन एलिस (लंदन विश्वविद्यालय, यूके) ने दी थी। यह सम्मेलन अपने में महामारी के समय में एक बड़ी सफलता थी, प्रत्येक दिन आईओपी से 22 प्रतिभागियों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने इस बैठक में भाग ले रहे थे।

अनुसंधान

2.1	सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	09
2.2	सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी	:	17
2.3	प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	19
2.4	क्वांटम सूचना	:	22
2.5	प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी	:	24
2.6	सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी	:	32

2.1. सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी

भौतिकी संस्थान (आईओपी) में सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह के संकाय सदस्यगण स्ट्रिंग सिद्धांत, ब्रह्मांडविज्ञान, खगोलभौतिक विज्ञान, क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा, सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव, न्यूट्रिनो दोलन, और डार्क मैटर प्रयोग और अंतिम है किंतु कम नहीं, चल रहा लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) और प्रस्तावित इलेक्ट्रॉन-पोजिट्रॉन परीक्षणों के संदर्भ में मानक मॉडल परिदृश्य के परे भिन्न भिन्न कोलाइड़र परिघटना जैसे अत्याधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में काम कर रहे हैं । शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के दौरान सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह का महत्वपूर्ण अनुसंधान परिणाम निम्नलिखित हैं।

प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने जडत्व के पल्सर क्षण पर प्रावस्था संक्रमण प्रेरित घनत्व उच्चावचनों से स्पंदों के संशोधन का अध्ययन किया है । उन्होंने कणक्षेपित स्पंदों में विशिष्ट सोनानों को दिखाया है, जिसे अधिक समयावधि में स्पंदों के मॉडयूलेशन में देखा जा सकता है। प्रो. श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने इलेक्ट्रौनों के हाईड्रोडायनामिक प्रवाह में ध्रानिक ब्लैक होल से विकिरण हाकिंग का अध्ययन किया है। उन्होंने दिखाया कि हॉकिंग विकिरण को वर्तमान उत्तार-चढ़ाव के संदर्भ में देखा जा सकता है। प्रो.श्रीवास्तव ने तरल क्रिस्टल ढांचाओं का उपयोग करते हुए रोगाणुओं के आकार की जांच की संभावना पर भी काम किया है। प्रो. पंकज अग्रवाल का अनुसंधान ध्यान उच्च ऊर्जा लार्ज हैड्रॉन कोलाइड (एलएचसी) परीक्षण पर W/Z (V) बोसनों में दोनों हिग्गस बोसोन (एच) स्वत :युग्मन और हिग्गस युग्मन के मापन पर दिया है। प्रो. अग्रवाल और उनके सहयोगियों ने वीवीएच और वीवीएचएच युग्मन का निर्धारण के लिए एलएचसी और एफसीसी-एचएच पर दो हिग्गस और सहयोजित उत्पादन पद्धति पर विचार किया है। प्रो. सुदिप्त मुखर्जी और उनके सहयोगियों ने शंकाकार त्रुटियों के साथ समय-आश्रित पृष्ठभूमि पर क्षेत्र सिद्घांत के होलोग्राफिक अध्ययन में शामिल हैं। दूसरे परियोजना में, प्रो. मुखर्जी और उनके सहयोगियों ने ब्लॉक होल के तापीय उतार-चढ़ाव और साम्य की चारो ओर के उष्मगतिकीय मात्रा के परिणामस्वरुप एंट्रोपी संशोधन का एक सामान्य रुप को प्राप्त किया है। उसके बाद उन्होंने इस परिणाम का उपयोग एंटी-डी-सिटर स्पेस टाइम में अलग अलग प्रकार के ब्लॉक होल्स का एंट्रॉपी संशोधन की गणना के लिए किया है। प्रो. एस.के. अगरवाला बड़े पैमाने पर न्यूट्रिनों के मौलिक गुणों की खोज पर अनुसंधान जोर देता है। प्रो. अगरवाला का अनुसंधान समूह से कुछ महत्वपूर्ण परिणाम निकाला हैं : (i) न्यूट्रिनो द्रव्यमान क्रम, मिश्रण कोणों, लेप्टॉन क्षेत्र में सीपी उल्लंधन आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए नयी विधियों की पहचानना। (ii) पृथ्वी की आंतरिक संरचना, घनत्व प्रोफाइल, और भूकंपीय और गुरुत्वकर्षण मापों में पूरक रचना की उपस्थिति में न्यूट्रिनो दोलनों के उपयोग की संभावना तलाशना । (iii) न्यूट्रिनों के विनाश या क्षय के माध्यम से डार्क मैटर के अप्रत्यक्ष पता लगाने की संभावना की जांच करना । प्रो. अगरवाला भारत आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ) परियोजना से संबंधित भौतिकी सिम्युलेशन अध्ययन में सक्रिय रूप से शामिल भी हैं । प्रो. एस. बनर्जी का अनुसंधान उपगामी रूप से सपाट अंतराकाशी समय में उपगामी सममिति और प्रकीर्णन आयामों के बीच संबंध को समझने पर जोर देता है । उन्होंने दिखाया कि । गुरुत्वाकर्षण और ग्लुऑन प्रकीर्णन आयामों के एक निश्चित वर्ग की गणना केवल उपगामी सममिति पर की जा सकती है। डॉ. डी. धस ने लेप्टॉन डबलेटस और एक आदिश डबलेटस जैसे सादिश की अतिरिक्त जोड़ी के मानक मॉडल (एसएम) के सामान्स विस्तार में आवेशित लेप्टानोंके चुंबकीय क्षण, आवेशित

लेप्टॉन फ्लेवर उल्लंघन, डार्क मैटर, न्यूट्रिनो द्रव्यमान / मिश्रण जैसे मुद्दों को बताया । डॉ. मणिमाला मित्र द्वारा हो रहे अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य है प्रकृति को मौलिक स्तर पर समझना है। उनका अनुसंधान आधुनिक कणिका भौतिकी, न्यूट्रिनो द्रव्यमानों की उत्पत्ति और मिश्रण, और ब्रह्मांड में डार्क मैटर की प्रचुरता के कुछ प्रमुख सवालों को बताया। हॉल ही में, डॉ. मित्र और उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि कैसे गेजड बी-एल- मॉडल में डार्क मैटर घनत्व गणना में क्वांटम सांख्यिकी का उचित कार्यान्वयन से महत्वपूर्ण अवशेष घनत्व पर मैक्सवेल-बोल्टज़मेन की अवधारणा को बदल सकता है। डॉ. कीर्तिमान घोष का अनुसंधान समूह का प्राथमिक मिशन है कोलाइडर और अन्य (न्यूट्रिनो प्रकीर्णन और डार्क मैटर का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष संसूचन, लेप्टॉन फ्लेवर उल्लंघन आदि) के संदर्भ में अलग अलग बीएसएम परिदृश्यों की परिघटना का अध्ययन करना है और उनके बीच पूरकता को समझना है। डॉ. घोष ने मुख्य रूप से कोलाइड़र प्रयोगों में सीसा मॉडलों के चिह्नों पर ध्यान केंद्रित किया है ।

(ए. एम. श्रीवास्तव, पी.अग्रवाल, एस. मुखर्जी, एस.के. अगरवाला, एस. बनर्जी, डी. दास, एम. मित्र, के. घोष)

क्यूजीपी और सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव :

1.(क) सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव में प्रारंभिक उतार-चढ़ाव और प्रवाह ऑनिसोट्रॉपी के पावर स्पेक्ट्रम

सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव में प्रवाह गुणांक कोलाइडिंग नाभिक के पार्टन वितरण से उत्पन्न होने वाली प्रारंभिक अवस्था उतार-चढ़ाव का एक महत्वपूर्ण खोज है। इसका कॉस्मिक माइक्रोवेव पृष्ठभूमि विकिरण (सीएमबी) विषमदैशिकों के पावर स्पेक्ट्रम की भौतिकी के साथ बहुत गहरा सामंजस्य है जो सीधे प्रारंभिक स्फीति उतार-चढ़ाव को प्रमाणित करता है। हम इन घटनाक्रमों का एक संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत करते हैं। इन विशेषताओं पर प्रारंभिक चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव की भी समीक्षा की जाएगी ।

(श्रेयांश एस. डावे, सौम्या पी.एस., और अजित मो. श्रीवास्तव)

(ख) एक स्पंदक क्रोड़ में प्रावस्था संक्रमण के लिए एक संकेत के रूप में स्पंद प्रोफाइल का मॉडुलन

हम जड़त्व के पल्सर आघूर्ण पर प्रावस्था संक्रमण से प्रेरित घनत्व के उतार-चढ़ाव के प्रभाव से उत्पन्न होने वाले एक स्पंद से स्पंदकों के विस्तृत संशोधन की गणना करते हैं। हम एक साधारण मॉडल का उपयोग करके सामान्य सांख्यिकीय घनत्व में उतार-चढ़ाव को पेश करते हैं जहां स्पंदक की जड़ता टेंसर का प्रारंभिक आघूर्ण (यहां विकर्ण होने के लिए लिया गया) को इसके प्रत्येक घटक के लिए यादृच्छिक अतिरिक्त योगदान प्राप्त करने के लिए काम दिया गया है, जिसे घनत्व में उतार-चढ़ाव की शक्ति की विशेषता वाली निश्चित व्यापक लक्षणों के वितरित गॉसियन के रूप में लिया गया है । हम दिखाते हैं कि क्षोभित स्पंदकों में बहुत विशिष्ट सोपान होते हैं जिसे लंबी समय अवधि में स्पंदकों के मॉडुलेशन के संदर्भ में देखा जा सकता है ।

(पार्थ बागची, बिश्वनाथ लाएक, अंजिष्णु सरकार और अजित मोहन श्रीवास्तव)

(ग) इलेक्ट्रॉन के हाईड्रोडायनामिक प्रवाह में ध्वनिक ब्लॉक होल्स से विकिरण का हॉकिंग

ध्वनिक ब्लॉक होल तब बनता है जब एक तरल पदार्थ सबसोनिक वेग के साथ तेज हो जाता है और सुपरसोनिक बन जाता है । जब प्रवाह अपनी दिशा सबसोनिक से सुपरसोनिक क्षेत्र में परिवर्तन करता है तब सतह जिस पर द्रव वेग का सामान्य घटक ध्वनि की स्थानीय गति के बराबर होता है जो ध्वनिक क्षितिज के रूप में कार्य करता है। यहाँ हम इलेक्ट्रॉन के हाइडोडायनामिक प्रवाह में इस संभावना की जांच करते हैं । परिणामस्वरुप, इस घटना में विकिरण हॉकिंग विकिरण विद्युत-धारा उतार-चढ़ाव के संदर्भ में देखने योग्य होना चाहिए। इसके अलावा, ध्वनिक क्षेत्र के दोनों पार्श्वों पर विद्युत-धारा का उतार-चढ़ाव हॉकिंग कण के जोड़े के लिए अपेक्षित सहसंबंध दिखाना चाहिए।

(श्रेयांश एस. दावेख ओइंड्रिला गांगुली, सौम्या पी.एस., और अजित मोहन श्रीवास्तव)

(घ) द्रव क्रिस्टल संयुतियों का उपयोग करते हुए रोगाणुओं के आकारों का परीक्षण

रोगाणुओं के सतह पर एनएलसी निदेशक के लिए कुछ एंकरिंग शर्तों को मानते हुए, हम संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग करके ब्रश के परिणामी आकार निर्धारित करते हैं। हमारे परिणाम बताते हैं कि असममित रोगाणुओं (जैसे कि बेलनाकार आकार के बैक्टरिया/वायरस) को , परिणाम से निकले ब्रश इस असममित की विशेषताओं को धारण करते हैं (अर्थात् बेलानाकार आकार का अनुपात आकार), बहुत दूरी पर देखने में सक्षम होते हैं, जिसमें सरल ऑप्टिकॉल माईक्रोस्कोपी का इस्तेमाल होता है, यहां तक कि कुछ

दसियों से कुछ सौ नैनोमीटर परिधि के सूक्ष्मजीवों के आकार के लिए भी। अधिक जटिल आकृतियों के लिए, जैसे कि सर्पिल आकार के बैक्टरिया अथवा फाइलोवायरस जैसे इबोला वायरस, ब्रशों की आकारिकी भी गैर-तुच्छ हो सकता है जो सर्पिल प्रकृति / मुड़वा अथवा वायरस की अपनी लंबाई पर आधारित है। मोटे तौर पर गोलाकार रोगाणुओं के लिए, जैसे करोना वायरस, इस वायरस के आकार के बारे में सूचना संभवत : बाहरी विद्युत चुंबकीय क्षेत्र में क्रोड के पास ब्रश की विकृतियों का उपयोग करके जांच की जा सकती है।

(अजित मोहन श्रीवास्तव)

2.(क) हैड्रोनिक कोलाइडरों पर वीवीएचएच युग्मक का परिमापन

यद्यपि हिग्स बोसोन की खोज हो चुकी है, डब्ल्यू/जेड. बोसोनों में इसके युग्मन को अभि भी सीमित करने की जरूरत है । हम वीवीएच और वीवीएचएच युग्मनों को निश्चित करने के लिए एलएचसी और एफसीसी-एचएच में सहसंबंद्ध उत्पादन तंत्र के माध्यम से डबल हिग्स के उप्तादन पर विचार कर रहे हैं। हमारा वर्तमान ध्यान इस बात पर है कि इन कपलिंगों को कैसे संशोधित किया जाता है, जब हमने हिग्स सेक्टर को अधिक स्केलर सिंगलेट, डबलेट और ट्रिपलेट तक बढ़ाया है। हम इस विस्तारित स्केलर सेक्टर मॉडल में कपलिंग पर सीमित करने के लिए मशीन लार्निंग तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

(देवाशिष साहा, लिंज-जिआओ जू, जिआंग-हाओ यू, सी.पी. यूआन)

(ख) H→VV में इलेक्ट्रोविक संशोधन

इस परियोजना में, हम क्षय प्रक्रिया $H \to VV$ में इलेक्ट्रोवीक संशोधनों की गणना कर रहे हैं। यहां वी बोसोन ड़ब्लयू अथवा जेड बोसोन हो सकता है। एक-लूप आरेख के वीवीएचएच कपलिंग हैं। बड़ी संख्या में जटिल आरेख होते हैं। हमने इन आरेखों की गणना की गणना है। हम क्षय चौड़ाई पर एचएचएच और वीवीएचएच कपलिंग को संशोधित करने के प्रभाव का अध्ययन कर रहे हैं। यह इन कपलिंग को निर्धारित करने में मदद कर सकता है।

(पंकज अग्रवाल, बिस्वजित दास)

3. शंकाकार स्पेस-टाइम और AdS/CFT : हम ने शंकाकार त्रुटि के साथ समय आश्रित पृष्ठभूमि पर क्षेत्र सिद्धांत का एक होलोग्राफिक अध्ययन शुरु किया है। हम मिल्ने स्पेस-टाइम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसमें ब्रह्मांड संबंधी स्थिरांक का अभाव रहता है, देर से किसी भी अतिशयोक्तिपूर्ण फ्राइडमैन-रॉबर्टसन-वॉकर मीट्रिक प्रवाह में। जब मिल्ने निर्वात को रुद्धोष्म द्वारा दर्शाया जाता है, तब हम ऑपरेटरों के दो बिंदु सहसंबंधकों की गणना करने में सक्षम होते हैं, जो थोक त्रुटिपूर्ण AdS- मिल्ने पृष्ठभूमि के साथ दोहरे से बड़े पैमाने पर स्केलर हैं । हम दोनों ट्विस्टेड और अनट्विस्टेड ऑपरेटरों की खोज करते हैं, सहसंबंधकों को छवियों पर योग के रूप में दर्शाया जा सकता है। संहत रूपों में परिणामों को लिखने के लिए स्पष्ट रूप से योग किया है (स्वंयसिद्ध मिश्र और योगेश श्रीवास्तव, अभिलेख : 2205.14080)

ब्लॉक होल्स में एंट्रोपी संशोधन : विस्तारित थेर्मोडायनामिक्स के ढांचे के भीतर, ब्लॉक होल एंट्रॉपी से थर्मल उतार-चढ़ाव के साथ साथ संतुलन के आसपास थर्मोडायनामिक मात्रा के उतार-चढ़ाव से सुधार प्राप्त करने की उम्मीद है। आईसोथर्मल –आइसोबारिक में काम किया जा रहा है जिसमें ब्रह्मांडकीय स्थिरांक बारोस्टेट की भूमिका निभाता है, हम इन सुधारों का सामान्य रुप पाते हैं। इसका परिणाम है उन्हें एंटी-डी-सिटर स्पेस टाइम में भारी संख्या में ब्लॉक होल के एंट्रॉपी संशोधन की गणना करने के लिए उपयोग किया जाता है (अरित्रा घोष और चंद्रशेखर बाहिनीपति,

अभिलेख : 210412770, अभिलेख : 2104.12720) ।

(सुदीप्त मुखर्जी)

4. मेरे शोध का क्षेत्र उच्च ऊर्जा कण भौतिकी है जिसमें बड़े पैमाने पर न्यूट्रिनो के मौलिक गुणों की खोज पर जोर दिया गया है। हमने न्यूट्रिनो भौतिकी में कई उत्कृष्ट योगदान दिए हैं। कुछ नाम हैं :

(क) नए मौलिक कणिकाओं और अंतक्रियाओं को जानने के लिए, अधिक ऊर्जा और दूरी के मानों की जांच करने के लिए आइसाक्यूब द्वारा खोजे गए उच्च-ऊर्जा खगोलीय न्यूट्रिनों की भूमिका का अध्ययन किया गया जो प्रयोगशाला में उपलब्ध है।

(ख) न्यूट्रिनो द्रव्यमान क्रम, मिक्सिंग एंगल्स और लेप्टॉन सेक्टर में सीपी-उल्लंघन को निर्धारित करने के लिए नयी विधियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें से सभी मूलभूत अनसुलझे मुद्दों का समाधान कर रहे हैं ।

(ग) एक हल्के इरी-मान स्टेराइल न्यूट्रिनो के प्रभाव, गैर-मानक न्यूट्रिनो अंतक्रिया, लोरेंत्ज इनवेरिएंस उल्लंघन, और दोलन परीक्षणों में गैर-एकात्मक न्यूट्रिनो मिश्रण के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

(घ) पृथ्वी की आंतरिक संरचना, घनत्व प्रोफाइल और भूकंपीय और गुरुत्वाकर्षण माप के पूरक पृथ्वी की संरचना के बारे में जानकारी निकालने के लिए पृथ्वी में उपलब्ध पदार्थों में न्यूट्रिनो दोलनों के उपयोग की संभावना की खोज करना।

(ङ) न्यूट्रिनो में डार्क मैटर के विनाश या क्षय के माध्यम से अप्रत्यक्ष रुप से पता लगाने की संभावना की जांच करना।

(च) भारत आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ) परियोजना से संबंधित भौतिकी अनुकार के अध्ययन में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

(छ) तीन फ्लेवर न्यूट्रिनो दोलन प्रतिमान का कठोर परीक्षण प्रदान करने, और यूएसए स्थित डीयूएनइ और जापान स्थित टी2एचके जैसे अधिक परिशुद्धता लंबे-आधारभूत प्रयोगों के संदर्भ में बिअंड स्टांडार्ड मॉडल (बीएसएम) भौतिकी के परिदृश्य का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

(एस.के. अगरवाला)

5. मेरा शोध कार्य उपगामी रुप से फ्लॉट स्पेस टाइम में उपगामी समरुपता और प्रकीर्णन आयामों के बीच संबंध को समझने पर केंद्रित है। इस कार्य में हमारी एक प्रमुख उपलब्धि यह दिखाना है कि गुरुत्वाकर्षण और ग्लुऑन प्रकीर्णन आयामों का एक निश्चित वर्ग का परिकलन केवल उपगामी समरुपताओं के आधार पर ही किया जा सकता है । यह एक नई तकनीकी है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि असिम्प्टोटिक रुप से फ्लॉट स्पेस टाइम में गुरुत्वाकर्षण का क्वांटम सिद्धांत की प्रकृति में होलोग्राफिक है। मैं भविष्य में इस अनुसंधान को आगे बढ़ाना चाहता हूं ।

(एस. बनर्जी)

6. लेप्टान के चुंबकीय आघूर्ण, आवेशित लेप्टॉन फ्लेवर उल्लंघन और एक मिनिमॉल रेडिएटिव डिराक न्यूट्रिनो मॉस मॉडल की डार्क मैटर परिघटना : मानक मॉडल (एसएम) के एक साधारण विस्तार में, लेप्टॉन डबलेटस और एक स्कॉलर डबलेटस (η) जैसे वेक्टर जोड़ी को हल्के लेप्टॉनों के विषम चुंबकीय आघूर्णों के निर्धारण में विसंगति को समायोजित करने में मदद करने के लिए बताया गया है, उन वेक्टरों का नाम है e और μ । इसके अतिरिक्त, हमारे परिदृश्य को न्यूट्रिनो जैसे एक डिराक के अनुकूल बनाने के लिए, और एक सुसंगत डार्क मैटर की परिघटना के लिए भी, हम विशेष रुप से एक सिंगलेट स्केलर (S) और एक सिंगलेट फेर्मिऑन

(ψ) को इस सेट-अप में जोड़ते हैं। परंतु, एकल अवस्थाएं अन्य आवेशित लेप्टॉन प्रक्रियाओं में सार्थक योगदान को प्रेरित करती है। एक असंतत सममिति लगाई गई है जिसके तहत सभी एसएम कणिकायें जबकि नए कणिकाओं को भी विषम आवेश माना जा सकता है। कम-अधिक दृष्टिकोण में,न्यूनतम कण सामग्री के साथ, हम नए कणों के युग्मनों और द्रव्यमानों के संदर्भ में उपलब्ध पैरामीटर स्पेस का व्यवस्थित रुप से पता करते हैं। यहां अनेक वस्तुएं एसएम लेप्टॉनों से जुड़े हैं जिस पर विचार किया गया है, अर्थात् न्यूट्रिनों के द्रव्यमान और मिश्रण , e, μ, की (g -2) विसंगतियां, आवेशित लेप्टॉन फ्लेव उल्लंघन कर रहे (cLFV) वस्तुएं और एक सिंगलेट-डबलेट डार्क मैटर की डार्क मैटर (एसएम) परिघटना । न्यूट्रिनों को डिराक प्रकार की अवस्थाओं के रूप में प्रचारित किया गया है, विविक्त Z'_2 सममिति धीरे से टूटने के बाद एक लूप स्तर में द्रव्यमान प्राप्त होता है, जबकि बिना टुटा हुआ Z_2 डार्क मैटर को स्थिर रखता है। सिंगलेट ø और डबलेट सादिश लेप्टॉन के बीच मिश्रण को इलेक्ट्रोवीक परिशुद्ध वस्तुओं और डार्क मैटर के स्पिन इंडिपेंडेंट (एसआई) निर्देशित संसूचन (डीडी) क्रॉस-सेक्सनको संतुष्ठ करने के लिए विवश किया जा सकता है। इस विश्लेषण में, संभावित रूप से महत्वपूर्ण एलएचसी सीमाओं पर भी चर्चा की गई है।

(देबोत्तम दास)

7. डॉ. मणिमाला मित्र सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी में काम करती है। उनके चल रहे शोध का मुख्य उद्देश्य है मौलिक स्तर पर प्रकृति को समझना। उनका शोध कार्य आधुनिक कणिका भौतिकी, न्यूट्रिनो द्रव्यमान और मिश्रण, और ब्रह्मांड के बहुतायत के कई प्रमुख सवालों उत्तर देता है। शोधकार्य उच्च ऊर्जा भौतिकी के कुछ सबसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ते हैं, वे क्षेत्र हैं न्यूट्रॉन भौतिकी, डार्क मैटर और मानक मॉडल भौतिकी के परे (बीएसएम भौतिकी) ।

उनके हाल ही के शोधकार्य अप्रैल-2021- मार्च 2022 में प्रकाशित हुए हैं, जिसमें अपने शोध विद्यार्थियों, पोस्टडॉक और सहयोगियों ने कई अलग मानक मॉडल से आगे सिद्धांत और संबंधित श्याम पदार्थ और न्यूट्रिनो परिघटना विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उनमें से एक बिस्तारित गेज बी-एल मॉडल जेएचईपी 05 (2021) 150 है जो श्याम पदार्थ अवशेष घनत्व की व्याख्या करता है जहां स्केलर के तापीय द्रव्यमान को ध्यान में रखा गया है। इस कार्य में, डॉ. मित्र ने अपना छात्र अभिषेक राय के साथ लिखी है,जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि कैसे अनुमानिति बी-एल मॉडल में श्याम पदार्थ अवशेष घनत्व गणना में कवांटम सांख्यिकी का उचित कार्यान्वयन से अवशेष घनत्व महत्वपूर्ण रुप से मैक्सवेल-बोल्टजमैन अवधारणा बदल सकता है । श्याम पदार्थ पर अन्य महत्वपूर्ण कार्य फिजिकॉल रिव्यू डी 104 (2021) 5, 055047 में है, जहां विमा-5 ऑपरेटर के प्रभाव जिसमें शामिल डीएम परिघटनात्मक पद्धति पर दाहिने हाथ न्यूट्रिनो (आरएचएन) की खोज हो चुकी है। लेखकों ने गेज सिंगलेट स्केलर क्षेत्र के वेव के बीच संबंध का पता लगाया है जो बीएसएम हिग्स और डीएम हिग्स को परिवर्तन करता है। घनिष्ठ सहसंबंध अवशेष घनत्व बाधा के कारण उत्पन्न होता है। आरएचएन का किसी भी बेयर द्रव्यमान टर्म के अभाव में, हम पाते हैं कि बीएसएम स्केलार के TeV स्केल वेव के लिए, जो TeV स्केल अथवा निम्नतर बीएसएम हिग्स अवस्थाओं का प्राकृतिक चयन है, डीएम अवशेष घनत्व बाधा तब संतुष्ट होता है जब इसका द्रव्यमान KeV रेंज में हो। यदि आरएचएन का बेयर द्रव्यमान टर्म लाग्रांगिएन में रहता है तो इस घनिष्ठ सहसंबंध टूट जाता है। लेखकों ने इसके अलावा, इस सेट-अप में प्रकाश न्यूट्रिनो द्रव्यमान से आने वाली बाधाओं का पता लगाया है।

अन्य महत्वपूर्ण कार्य फिजिक्स रिव्यू डी 105 (2022)

3, 035001 और जेएचइपी 09 (2021) 162 में हैं। प्रथम कार्य में डॉ. मित्र और उनके सहयोगियों ने आरएचएन की उपस्थिति में न्यूट्रिनों विहीन डबल बीटा क्षय को उल्लंघन कर रही लेप्टाना संख्या का पता लगाया है। उन्होंने एक वैकल्पिक दायं-बाएं सममितिक मॉडल में eV-MeV स्केल आएचएन को दर्शाया है और विस्तारित सी सॉ मॉडल का बड़ा असर न्यूट्रिनोविहीन डबल बीटा क्षय के अवधारणा पर हो सकता है।अन्य एक कार्य में जेएचइपी 09 (2021) 162 में है। लेखकों ने न्यूट्रिनो दोलन पर एक अतिरिक्त स्टेराइल न्यूट्रिनो के प्रभाव का पता लगाया है।

अंत में, अपने पोस्टडॉक विद्यार्थी डॉ. दिव्यकृपा साहु के साथ किये हाल ही के कार्य फिजिक्स रिव्यू डी 104 (2021) 1, 015002 में है, म्युऑन-फिलिक एक्स बोसान की स्पिन समता की जांच के लिए एक नई खोज रणनीति लागू की गई है ।

(एम. मित्रा)

8. हमारे शोध समूह (मैं, और मेरे शोधछात्रों : अवनिश, वंदना सहदेव, सैयद आशांजुमन और रामेश्वर साहु को मिलाकर) का प्राथमिक मिशन है कोलाइड़र और अन्य (न्यूट्रॉन प्रकर्णीन और दोलन, श्याम पदार्थ प्रत्यक्ष/परोक्ष संसूचन, लेप्टॉन फ्लेवर उल्लंघन आदि) के प्रायोगिक परीक्षण के संदर्भ में विभिन्न बीएसएम परिदृश्यों की परिघटनात्मक पद्धति के अध्ययन करना है और उनमें रही संपूरकता को समझना है। हमने के 2021-22 दौरान विभिन्न बीएसएम परिदृश्यों के विकास और परिघटनात्मक पद्धति में योगदान दिया है। हमारे शोध के महत्वपूर्ण परिणामों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित में दिया गया है।

I. टाइप-सी –सॉ न्यूट्रिनो द्रव्यमानों की बहुत सूक्ष्मता से सहज और स्वाभाविक रूप से व्याख्या करने के लिए प्रतीत होता है। निम्न ऊर्जा न्यूट्रिनो परिघटनात्मक पद्धति में दिखाई दे रहे भौतिक और मापनयोग्य पैरामीटरों की तुलना में प्रभावी पैरामीटरों में उच्च ऊर्जा सी-सॉ सिद्धांत आम तौर पर शामिल होते हैं। एक मनमाना जटिल ऑर्थोगोनल मैट्रिक्स में भारी फेर्मिऑनों को एकीकृत करने में खोई हुई जानकारी को एन्कोड़ करने के लिए कसास-इबारा पैरामीटराइजेशन सुविधा उपलब्ध है। हम ट्रिपलेट फर्मियन की दो अथवा तीन पीढ़ियों सहित एक वास्तविक टाइप- III सी-सॉ मॉडल के संदर्भ में एक सीएमएस खोज की पुनर्व्याख्या करते हैं और ट्रिपलेट फर्मियनों के द्रव्यमान पर 95% सीएल नीचली सीमा पर पूर्वगामी मैट्रिक्स के प्रभाव को समझने का प्रयास करते हैं। हम आवेशित लेप्टॉन फ्लेवर को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त मैट्रिक्स की परिघनात्मक निहितार्थ पर भी चर्चा करते हैं जो कोलाइडर पर अवलोकनयोग्य और ट्रिपलेट फर्मियन के विस्थापित क्षय का उल्लंघन करते हैं। हमने कई लेप्टॉन और फैट-जेट के साथ अंतिम अवस्थाओं में ट्रिपलेट फर्मियनों की खोज के लिए भी एक प्रस्ताव रखा है जो सामान्य एलएचसी खोजों की तुलना में अधिक स्वच्छ होते हैं और ट्रिपलेटों के गतिज पुनर्निमाण की अनुमति देता है।

II. मानक मॉडल (एसएम) से आगे की कई परिदृश्यों में दिखाई दे रहे बड़े गेज मल्टीप्लेटस में बाह्य लेप्टॉन, एलएचसी में जोड़े या सामूहिक रूप से उत्पादित किया जा सकता है। उनके द्रव्यमान बडे होने के कारण, उनके अंतिम क्षय उत्पादों-एसएम लेप्टॉनों और बोसॉनों को एसएम बोसॉन से निकलने वाले जेट के साथ अत्यधिक बढ़ावा दिया जाना है, जिससे सुलझित दो की तुलना में एक एकल फैट-जेट के रूप में प्रकट होने की अधिक संभावना है। उसके बाद संबंधित मानक मॉडल पृष्ठभूमि को दबाया जा रहा है, दो या तीन लेप्टानों और एक या दो फैट-जेट की अंतिम अवस्थायें 1 TeV की तुलना में अधिक भारी बाह्य फर्मियॉनों की जांच में संवेदनशील होने की उम्मीद है और हम एक उपयुक्त खोज

रणनीति का प्रस्ताव रखते हैं और उसकी जांच करते हैं। अत्यावश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, हम एक ही प्रकार (तीन गुना, चौगुना और क्विंटुपलेटस) लेप्टोनिक गुणकों द्वारा मानक मॉडल के विस्तार पर विचार करते हैं, मन में यह भी ध्यान रखते हैं कि इस तरह के सरलीकृत मॉडल आम तौर पर मानक मॉडल के विभिन्न कमियों को दूर करने वाले अधिक महत्वाकांक्षी परिदृश्यों की कम ऊर्जा सीमा के रूप में उत्पन्न होते हैं।

III. कमजोर गेज ट्रिपलेट स्केलॉर क्षेत्र द्वारा मानक मॉडल के अनुलग्नक पर आधारित टाइप-सी-सॉ तंत्र न्यूट्रिनो द्रव्यमानों के बहुत सूक्ष्मता के लिए एक प्राकृतिक स्पष्टीकरण प्रदान करता है। नोट किया गया है कि गैर-अपभ्रंश ट्रिपलेट हिग्स स्पेक्ट्रम की परिघटनात्मक पद्धति अपभ्रष्ट की तुलना में काफी विपरीत है, हम ट्रिपलेट स्केलार निर्वात् प्रत्याशित मूल्य (वीइवी) द्वारा पैरामीट्रिज्ड मॉडल पैरामीटर स्पेस, डबल और सिंगल आवेशित स्कालार्स जैसे ट्रिपलेट के बीच द्रव्यमान स्प्लिटिंग और डबल आवेशित स्कलॉर का द्रव्यमान का व्यापक अध्ययन करते हैं। हम सीएमएस और एटीएलएएस द्वारा मौजूदा प्रत्यक्ष कोलाइडर खोजें का प्रयोग करके एक विशाल पैरामीटर स्पेस के लिए द्विगुण आवेशित स्कलॉर के द्रव्यमान पर सबसे कठोर 95% सीएल निचली सीमाएं प्राप्त करते हैं । आश्चर्यजनक रूप से, हम पैरामीटर स्पेस का एक विशिष्ट क्षेत्र भी पाते हौ जो मौजूदा एलएचसी खोज रणनीतियों की पहुंच से बाहर है।

(कीर्तिमान घोष)

2.2. सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी

हमने नाभिकीय भौतिकी के विभिन्न क्षेत्रों पर काम किया है जैसे कि परिमित नाभिक, नाभिकीय पदार्थ और न्यूट्रॉन तारें। परिमित नाभिक से आरंभ करते हुए, हम मुख्य रूप से विभिन्न परमाणु नाभिकों की परमाणु संरचना और प्रतिक्रिया गतिकी जैसे गुणों का पता लगाते हैं । कुछ संरचनात्मक गुण जैसे कि बंधन-ऊर्जा, आवेश रेडियस, मैजिक नंबर, दो न्यूट्रॉन अलगन ऊर्जा, सममिति ऊर्जा आदि, विस्तार से, गणना की गई है । आल्फा एरां बीटा क्षय, क्लस्टरीकरण, विखंडन आदि सहित नाभिकीय प्रतिक्रिया गैर-सापेक्षिकीय ऊर्जा घनत्व कार्यात्मक की सापेक्षता की सहायता से निर्धारित की गई।

नाभिकीय पदार्थ के गुण जैसे कि प्रति कणिका की बंधन ऊर्जा,ऊर्ज घनत्व,दाबा, प्रभावी द्रव्यमान, सममिति ऊर्जा और इसके विभिन्न गुणांक आदि, अलग अलग वातावरण में, या तो श्याम पदार्थ में अथवा तापमान बहुत कम घनत्व से उच्च घनत्व तक। प्रसिद्ध सापेक्षिकीय माध्य क्षेत्र (आरएफएम) मॉडल से नाभिकीय पदार्थ, परिमित नाभिक, और प्रावस्थाओं के न्यूट्रॉन तारे समीकरण की गणना की जाती है। हमने अपने दो प्रकार्यों जैसे G3 और आईओपीबी-आई को विकसित किया है और उन्हें परिमित नाभिक से न्यूट्रॉन तारें पर लागू किया है। हमारे विस्तारित आरएमएफ मॉडल ने न्यूट्रॉन स्टार के लिए परिमित नाभिक जैसे विभिन्न प्रणालियों के गुणों को अच्छी तरह से पुन : उत्पादित किया है।

हाल ही में, हमने अपने शोध क्षेत्र का विस्तार किया है और श्याम पदार्थ जोड़कर न्यूट्रॉन तारों के गुणों का पता लगाया है। इनमें से न्यूट्रॉन तारों के गुणों जैसे कि प्रावस्थाओं के अपने समीकरण, द्रव्यमान, त्रिज्या, ज्वारीय विकृति, जड़ता का आघूर्ण, शीतलन परिदृश्य, बाइनरी न्यूट्रॉन तारों के प्रेरक गुण, दोलन गुण, विभिन्न वक्रता पैरामीटर आदि की गणना की जाती है। इसके अलावा, हमने तापीय चालकता पर इसके प्रभावों को देखने के लिए तापमान जोड़ा है, उत्सर्जन, विशिष्ट गर्मी, थर्मल इंडेक्स इत्यादि की गणना इसके अंदर श्याम पदार्थ के विभिन्न अंशों के साथ की जाती है।

बाइनरी न्यूट्रॉन तारों के विभिन्न द्रव्यमानों की पोस्ट न्यूटोनियन पद्धति का उपयोग करके गुरुत्वाकर्षण तरंग गुणों का भी पता लगाया जाता है। प्रेरक अवस्था में, कुछ प्रसिद्ध गुण जैसे आवृत्ति, ध्रुवीकरण, दो बाइनरी के चरण, आदि की गणना श्याम पदार्थ मिश्रित न्यूट्रॉन तारों के लिए की गई है।

एक अन्य विधि जिसे सुसंगत घनत्व उतार-चढ़ाव मॉडल (सीडीएमएफ) जाना जाता है जिसे हमारे समूह न्यूट्रॉन तारे के साथ अपरिमित नाभिक के सतह गुणों की गणना करने के लिए लागू करते हैं। हम यहां सममिति ऊर्जा, न्यूट्रॉन दबाव और सतह के गुणों का मूल्यांकन करते हैं।

(एस.के.पात्र और पी.के. साहु)

1. मेरे शोध कार्य में शामिल है सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी और नाभिकीय खगोलभौतिकी। मैंने सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी और खगोल भौतिकी में कई पत्र प्रकाशित किए हैं जैसे कि : (क) प्रावस्थाओं के नाभिकीय समीकरण और बाइनरी न्यूट्रॉन तारों के विलय से गुरुत्वाकर्षणीय तरंगों के निर्धारण (ख) न्यूट्रॉनपूर्ण नाभिक के लिए नाभिकीय विखंडन का अध्ययन (ग) नाभिकीय संरचना और रेडियोसक्रिय क्षय समूह (घ) बाहरी और अतिभारी नाभिक की संरचना (ङ) दोनों स्थिर और अस्थिर नाभिक के नाभिकीय बृहत् अनुनाद (च) नाभिकीय प्रतिक्रिया अध्ययन (छ) नाभिकीय उच्च प्रचकण अवस्थायें (नाभिकीय स्पेक्ट्रोस्कोपी) (ज) दोनों सापेक्षिकीय और गैर-सापेक्षिकीय न्यूक्लिऑन-न्यूक्लिऑन अंतक्रियाओं का निर्माण (झ) हाल ही में विकसित एक कोहेरेंट घनत्व उतार-चढ़ाव मॉडल (सीडीएफएम) का उपयोग करते हुए सतह गुणों का अध्ययन।

(एस.के. पात्र)

2. सापेक्षिकीय अंतक्रियात्मक हैड्रॉन-अनुनाद गैस मॉडल

सापेक्षिकीय माध्य-क्षेत्र (आरएमएफ) सिद्धांत पर आधारित मेसॉन विनिमय अंतक्रिया का परिचय हैड्रॉन अनुनाद गैस (एचआरजी) मॉडल में दिया गया है जिसे अंतक्रियात्मक एचआरजी (आईएचआरजी) मॉडल कहा गया है। इस मॉडल का उपयोग दोनों परिमित रासायनिक विभव (μB) सहित परिमित तापमात्रा (T) और लुप्त रासायनिक विभव में परिमित तापमात्रा पर परीक्षणात्मक आंकड़े की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। आईएचआरजी मॉडल में हैड्रॉनों के बीच आकर्षक और प्रतिकारक अंत :क्रियाओं के कारण परिमित बेरियॉन घनत्व (परिमित रासायनिक विभव) के साथ शून्य तापमात्रा में प्रावस्था के नाभिकीय पदार्थ समीकरण की व्याख्या भी की जा सकती है। इस अध्ययन से प्राप्त परिणाम की तुलना अन्य भारी आयन वहन मॉडलों और परीक्षणात्मक आंकड़ों से की जाती है।

न्यूट्रॉन तारे के भीतर फर्मिऑनिक श्याम पदार्थ

हम न्यूट्रॉन तारे के भीतर फर्मिऑनिक श्याम पदार्थ का अध्ययन करते हैं, जो प्रभावी युकावा युग्मन के के माध्यम से हिग्स क्षेत्र द्वारा न्यूक्लियॉन को जोड़ता है। न्यूट्रॉन तारे पदार्थ में समाहित है लेप्टॉन, न्यूक्लियॉन और सापेक्षिकीय चिराल सिग्मा मॉडल में हाईपरान होते हैं। यदि श्याम पदार्थ की संरचना बढ़ती है तो न्यूट्रॉन तारे अधिक संहत होते हैं और इसलिए आकार और द्रव्यामन काफी कम हो जाते हैं।

(पी.के. साहु)

2.3. प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी

आईओपी का प्रयोगात्मक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह विश्व के कई अग्रणी कोलाइडर आधारित कणिका भौतिकी परीक्षणों में जैसे कि एलएचसी (सीईआरएन, स्वीटजरलैंड) स्थित सीएमएस और एएलआईसीइ, आरएचआईसी (बीएनएल, यूएसए) स्थित एसटीएआर परीक्षण और एफएआईआर (जीएसआई,जर्मनी) स्थित सीबीएम परीक्षण में भाग लेता है।

